भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी), नई दिल्ली, जिसे वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के नाम से जाना जाता है, ने अपनी आदेश संख्या एफ. नं. 11–10/2008–टीएस.1 (पीटी) दिनांक 9 मई, 2008 के माध्यम से मध्य प्रदेश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर की स्थापना की, जिसका शैक्षणिक सत्र 2009–10 से प्रारंभ हुआ। संस्थान ने 18 फरवरी, 2009 से अपना कार्य संचालन प्रारंभ किया।

यह संस्थान "प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961" के अंतर्गत गठित एक स्वायत्त निकाय है, जिसे "प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2012" (2012 की संख्या 34) द्वारा संशोधित किया गया तथा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिनांक 29 जून, 2012 को जारी अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया। संस्थान को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित किया जाता है। संस्थान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12एए तथा धारा 80जी, 2(ए), (आईआईआईएफ) के अंतर्गत पंजीकृत है।

1ए. लेखा तैयार करने का आधारः

लेखों को, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, ऐतिहासिक लागत कन्वेंशन के आधार पर तथा सामान्यतः लेखांकन की प्रोद्भूत पद्धति के अनुसार तैयार किया जाता है।

यह संस्थान अपने वार्षिक वित्तीय विवरण भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (एमओई), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित वित्तीय विवरणों के प्रारूप के अनुसार तैयार करता है, जिसे भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा उनकी पत्र संख्या आरसी(एबी)/मिस./फ़ॉर्मेट ऑफ़ ए/सीएस/04–31/2013 दिनांक 10 अप्रैल, 2015 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है।

2. राजस्व मान्यताः

2.1 प्रवेश प्रपत्रों की बिक्री, रॉयल्टी तथा बचत बैंक खाते पर प्राप्त ब्याज का लेखांकन नकद आधार पर किया जाता है। छात्रों से प्राप्त शुल्क, जिसमें प्रत्येक सेमेस्टर के लिए अलग–अलग वसूल किया गया शिक्षण शुल्क भी शामिल है, का लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

2.2 भूमि, भवन एवं अन्य संपत्तियों से प्राप्त आय तथा निवेशों पर प्राप्त ब्याज का लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

2.3 कर्मचारियों को भवन निर्माण, वाहन एवं कंप्यूटर की खरीद हेतु दिए गए ब्याजयुक्त अग्रिमों पर ब्याज का लेखांकन प्रत्येक वर्ष प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है, यद्यपि ब्याज की वास्तविक वसूली मूलधन की पूर्ण अदायगी के पश्चात प्रारंभ होती है।

2.4 परियोजना एवं परामर्श निधियों के निवेश से अर्जित ब्याज में से 2.90 प्रतिशत की राशि उन परियोजनाओं को आवंटित की जाती है, जिनके लिए प्रायोजक एजेंसी के स्वीकृति पत्र में ब्याज का प्रावधान निर्दिष्ट किया गया है तथा शेष राशि संस्थान के अनुसंधान एवं विकास निधि खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

2.5 परिष्कृत उपकरण केंद्र (एसआईसी), छात्रावास आकस्मिकता तथा छात्र जिमखाना हेतु अंशदान को पृथक लागत केंद्र के रूप में माना जाता है तथा राजस्व अधिशेष/घाटे को तुलन–पत्र में अंतरित किया जाता है।

3. अचल संपत्ति और मूल्यह्रास

3.1 अचल परिसंपत्तियों को अधिग्रहण लागत पर दर्शाया जाता है, जिसमें आवक भाड़ा, शुल्क एवं कर तथा अधिग्रहण, स्थापना एवं प्रचालनारंभ से संबंधित आकस्मिक एवं प्रत्यक्ष व्यय शामिल होते हैं। भवनों का पूंजीकरण पूर्णता प्रमाण–पत्रों के आधार पर अथवा उपयोग में लाए जाने के आधार पर किया जाता है। निर्माणाधीन भवन (सीडब्ल्यूआईपी) का मूल्यांकन किए गए कार्य के आधार पर किया जाता है।

3.2 उपहार में प्राप्त/दान की गई परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, जहाँ उपलब्ध हो, घोषित मूल्य के आधार पर किया जाता है; यदि घोषित मूल्य उपलब्ध न हो, तो उनका नाममात्र मूल्य ₹1/– माना जाता है। इन परिसंपत्तियों को पूंजीगत निधि में जमा करके स्थापित किया जाता है तथा संस्थान की अचल परिसंपत्तियों में समाहित कर दिया जाता है। संबंधित परिसंपत्तियों पर लागू दरों के अनुसार ह्रास (मूल्यह्रास) लगाया जाता है।

3.3 अचल परिसंपत्तियों का मूल्यांकन संचित मूल्यह्रास को घटाकर लागत मूल्य पर किया जाता है। अचल परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास निम्नलिखित दरों पर सीधी रेखा पद्धति के आधार पर प्रदान किया जाता हैः

मूर्त संपत्तिः

1.	भूमि	0 प्रतिशत
2.	साइट का विकास	0 प्रतिशत
3.	भवन	2 प्रतिशत
4.	सड़कें एवं पुल	2 प्रतिशत
5.	ट्यूबवेल एवं जल आपूर्ति	2 प्रतिशत
6.	सीवरेज एवं जल निकासी	2 प्रतिशत

SCHEDULE: 23 - SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES

1. STATUS OF THE ORGANIZATION:

The Government of India, Ministry of Human Resource Development (MHRD), New Delhi presently named as Ministry of Education vide its order F. No. 11-10/2008-TS.1 (Pt) dated May 9, 2008 has set up IIT Indore in Madhya Pradesh with the commencement of Academic Session from 2009-10. The Institute commenced its operations from February 18, 2009.

The Institute is an autonomous body constituted under "The Institutes of Technology Act, 1961" and as amended by the "Institutes of Technology (Amendment) Act, 2012" (No 34 of 2012) and notified vide MOE notification dated June 29, 2012. The Institute is fully funded by the MOE, Government of India. The Institute is registered u/s 12AA and u/s 80G, 2(a), (iiif) of the Income Tax Act, 1961.

1A. BASIS FOR PREPARATION OF ACCOUNTS:

The accounts are prepared under the Historical Cost Convention unless otherwise stated and generally on the Accrual method of accounting.

The Institute prepares its Annual Financial Statements as per the format of Financial Statements prescribed by Ministry of Education (MOE), Government of India, New Delhi and approved by the Office of the Comptroller & Auditor General of India, vide their letter no RC(AB)/Misc./Format of A/cs/04-31/2013 dated April 10,2015.

2. REVENUE RECOGNITION:

2.1 Sale of Admission Forms, Royalty and Interest on Savings Bank account are accounted on cash basis. Fees from Students including Tuition Fees collected separately for each semester is accounted on accrual basis.

2.2 Income from Land, Buildings and Other Properties and Interest on Investments are accounted for on an accrual basis.

2.3 Interest on interest bearing advances to staff for House Building, Purchase of Vehicles and Computers is accounted on an accrual basis every year, though the actual recovery of interest starts after the full repayment of the principal.

2.4 Interest earned out of investment of Project and Consultancy funds is allocated at 2.90% to those projects where the sanction letter from the sponsoring agency specifies interest and the balance amount is transferred to the Research and Development Fund Account of the Institute.

2.5 Sophisticated Instrumentation Centre (SIC), Hostel Contingency & contribution to Student Gymkhana is being treated as a separate Cost Centre and revenue surplus/deficit are carried to the Balance sheet.

3. FIXED ASSETS AND DEPRECIATION:

3.1 Fixed assets are stated at cost of acquisition including inward freight, duties and taxes and incidental and direct expenses related to acquisition, installation and commissioning. Buildings are capitalized on the basis of completion certificate(s) or put to use basis. CWIP (Building) is considered on the basis of work done.

3.2 Gifted I Donated assets are valued at the declared value where available; if not available, the nominal value taken is Rs. 1/-. They are set-up by credit to Capital Fund and merged with the Fixed Assets of the Institution. Depreciation is charged at the rates applicable to the respective assets.

3.3 Fixed assets are valued at cost less accumulated depreciation. Depreciation on fixed assets is provided on Straight line method, at the following rates:

Tangible Assets:

1.	Land	0%
2.	Site Development	0%
3.	Buildings	2%
4.	Roads & Bridges	2%
5.	Tube wells & Water Supply	2%
6.	Sewerage & Drainage	2%

7.	विद्युत स्थापना एवं उपकरण	5 प्रतिशत
8.	संयंत्र और यंत्र	5 प्रतिशत
9.	वैज्ञानिक एवं प्रयोगशाला उपकरण	8 प्रतिशत
10.	कार्यालय उपकरण	7.5 प्रतिशत
11.	ऑडियो विजुअल उपकरण	7.5 प्रतिशत
12.	कंप्यूटर एवं बाह्य उपकरण	20 प्रतिशत
13.	फर्नीचर, फिक्सचर और फिटिंग	7.5 प्रतिशत
14.	वाहन	10 प्रतिशत
15.	पुस्तकालय हेतु पुस्तकें और वैज्ञानिक पत्रिकाएँ	10 प्रतिशत

अमूर्त संपत्ति (परिशोधन):

1.	ई–पत्रिकाओं	40 प्रतिशत
2.	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	40 प्रतिशत
3.	पेटेंट और कॉपीराइट	9 वर्ष

3.4 वर्ष के दौरान की गई परिसंपत्तियों की वृद्धि पर पूरे वर्ष का मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

3.5 जब कोई परिसंपत्ति पूर्णतः मूल्यह्रासित हो जाती है, तो उसे तुलन–पत्र में ₹1/– के अवशिष्ट मूल्य पर दर्शाया जाता है तथा उस पर आगे कोई मूल्यह्रास नहीं लगाया जाता है। इसके पश्चात, प्रत्येक वर्ष की गई परिसंपत्तियों की वृद्धि पर संबंधित परिसंपत्ति मद के लिए लागू मूल्यह्रास दर के अनुसार अलग–अलग मूल्यह्रास की गणना की जाती है।

3.6 निर्दिष्ट निधियों तथा प्रायोजित परियोजनाओं की निधियों से निर्मित परिसंपत्तियों, जिन पर स्वामित्व संस्थान का है, को पूंजीगत निधि में जमा करके स्थापित किया जाता है तथा संस्थान की अचल परिसंपत्तियों में समाहित कर दिया जाता है। संबंधित परिसंपत्तियों पर लागू दरों के अनुसार मूल्यह्रास लगाया जाता है। प्रायोजित परियोजनाओं की निधियों से निर्मित ऐसी परिसंपत्तियाँ, जिन पर स्वामित्व प्रायोजकों का ही रहता है, किंतु जिन्हें संस्थान द्वारा धारण एवं उपयोग किया जाता है, का लेखों पर टिप्पणियों में अलग से प्रकटीकरण किया जाता है।

3.7 जिन परिसंपत्तियों में प्रत्येक परिसंपत्ति का व्यक्तिगत मूल्य ₹2,000/– या उससे कम है (पुस्तकालय की पुस्तकों को छोड़कर), उन्हें लघु मूल्य की परिसंपत्तियाँ माना जाता है। ऐसी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के समय 100% मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है। तथापि, ऐसी परिसंपत्तियों को रखने वाले संबंधित व्यक्तियों द्वारा उनका भौतिक लेखांकन एवं नियंत्रण जारी रखा जाता है।

3.8 मध्य प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर को स्थापना के बाद से चरणबद्ध रूप से कुल 501.42 एकड़ भूमि आवंटित एवं हस्तांतरित की है।

4. अमूर्त संपत्तियाँ:

पेटेंट एवं कॉपीराइट, ई–जर्नल तथा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर को अमूर्त परिसंपत्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

4.1 पेटेंट: पेटेंट प्राप्त करने के लिए समय–समय पर किए गए व्यय (आवेदन शुल्क, विधिक व्यय आदि) को अस्थायी रूप से पूंजीकृत किया जाता है तथा तुलन–पत्र में अमूर्त परिसंपत्तियों के एक भाग के रूप में दर्शाया जाता है। यदि पेटेंट के लिए किए गए आवेदन अस्वीकृत हो जाते हैं, तो संबंधित पेटेंट पर किए गए संचयी व्यय को आवेदन अस्वीकृत होने वाले वर्ष में आय एवं व्यय खाते में अपलिखित कर दिया जाता है।

प्रदान किए गए पेटेंट पर किए गए व्यय को सावधानीपूर्ण आधार पर 9 वर्षों की अवधि में अपलिखित किया जाता है।

4.2 इलेक्ट्रॉनिक जर्नल (ई–जर्नल) को पुस्तकालय की पुस्तकों से अलग रखा जाता है, क्योंकि ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई पहुँच से प्राप्त होने वाला लाभ सीमित होता है। ई–जर्नल मूर्त रूप में नहीं होते हैं, तथापि व्यय की मात्रा तथा शैक्षणिक एवं अनुसंधान कर्मचारियों द्वारा अर्जित स्थायी ज्ञान के रूप में प्राप्त लाभ को ध्यान में रखते हुए इन्हें अस्थायी रूप से पूंजीकृत किया जाता है। ई–जर्नल के संबंध में 40% की उच्च दर से मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जबकि पुस्तकालय की पुस्तकों पर 10 प्रतिशत की दर से मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

4.3 सॉफ्टवेयर के अधिग्रहण पर किए गए व्यय को कंप्यूटर एवं परिधीय उपकरणों से अलग रखा जाता है, क्योंकि अमूर्त परिसंपत्ति होने के साथ–साथ इनकी अप्रचलन दर भी बहुत अधिक होती है। सॉफ्टवेयर के संबंध में 40 प्रतिशत की उच्च दर से मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जबकि कंप्यूटर एवं परिधीय उपकरणों पर 20 प्रतिशत की दर से मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

7.	Electrical Installation and equipment	5%
8.	Plant & Machinery	5%
9.	Scientific & Laboratory Equipment	8%
10.	Office Equipment	7.5%
11.	Audio Visual Equipment	7.5%
12.	Computers & Peripherals	20%
13.	Furniture, Fixtures & Fittings	7.5%
14.	Vehicles	10%
15.	Lib. Books & Scientific Journals	10%

Intangible Assets (amortization):

1.	E-Journals	40%
2.	Computer Software	40%
3.	Patents and Copyrights	9 Years

3.4 Depreciation is provided for the whole year on additions during the year.

3.5 Where an asset is fully depreciated, it will be carried at a residual value of Rs.1 in the Balance Sheet and will not be further depreciated. Thereafter, depreciation is calculated on the additions of each year separately at the rate of depreciation applicable for that asset head.

3.6 Assets created out of Earmarked Funds and funds of Sponsored Projects, where the ownership of such assets vests in the Institution, are setup by credit to Capital Fund and merged with the Fixed Assets of the Institution. Depreciation is charged at the rates applicable to the respective assets. Assets created out of Sponsored Project funds, where the ownership is retained by the sponsors but held and used by the Institution are separately disclosed in the Notes on Accounts.

3.7 Assets, the individual value of each of assets, which is Rs. 2000 or less (except Library Books) are treated as Small Value Assets, 100% depreciation is provided in respect of such assets at the time of their acquisition. However physical accounting and control are continued by the holders of such assets.

3.8 Government of Madhya Pradesh has allocated and transferred 501.42 acres of land to Indian Institute of Technology Indore since inception in a phased manner.

4. INTANGIBLE ASSETS:

Patents and copyrights, E Journals and Computer Software are grouped under Intangible Assets.

4.1 PATENTS: The expenditure incurred from time-to-time (application fees, legal expenses etc.) for obtaining Patents is temporarily capitalized and shown as part of Intangible Assets in the Balance Sheet. If applications for patents are rejected, the cumulative expenditure incurred on the particular patent is written off to the Income & Expenditure Account in the year the application is rejected.

The expenditure on Patents granted is written off over a life of 9 years on a conservative basis.

4.2 Electronic Journals (E-Journals) are separated from Library Books in view of the limited benefit that could be derived from the on-line access provided. E-journals are not in a tangible form, but temporarily capitalized and in view of the magnitude of expenditure and the benefit derived in terms of perpetual knowledge acquired by the Academic and Research Staff; Depreciation is provided in respect of E-journals at a higher rate of 40% as against depreciation of 10% provided in respect of Library Books.

4.3 Expenditure on acquisition of software has been separated from computers and peripherals, as apart from being intangible assets, the rate of obsolescence in respect of these is very high. Depreciation is provided in respect of software at a higher rate of 40% as against depreciation of 20% provided in respect of Computers & Peripherals.

5. स्टॉकः

रसायनों, काँच के उपकरणों, प्रकाशनों तथा अन्य भंडार सामग्री की खरीद पर किए गए व्यय का लेखांकन आय व्यय के रूप में किया जाता है। तथापि, 31 मार्च को उपलब्ध समापन स्टॉक के मूल्य को विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित आय व्यय को कम करके भंडार (इन्वेंट्री) के रूप में दर्शाया जाता है। इनका मूल्यांकन लागत मूल्य पर किया जाता है।

6. सेवानिवृत्ति लाभः

संस्थान के कर्मचारी सेवानिवृत्ति के समय छुट्टी नकदीकरण एवं उपदान (ग्रेच्युटी) के लिए पात्र हैं। छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रावधान संस्थान की संविधियों में ही किया गया है। वर्ष 2021–22 की एसएआर के बिंदु संख्या ए3 के संदर्भ में सूचित किया गया था कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने अपने कार्यालय ज्ञापन संख्या आर–1301102/2022–एस.एस II दिनांक 23–11–2022 के माध्यम से स्पष्ट किया है कि ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 की धारा 1(3)(सी) के अंतर्गत अधिनियम की प्रयोज्यता संबंधी आवश्यकता शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिनांक 03.04.1997 की राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1080 द्वारा पूरी की जा चुकी है। अतः यह अधिनियम संस्थानों के सभी ओपीएस एवं एनपीएस कर्मचारियों पर लागू होता है तथा इसके लिए अलग अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त स्पष्टीकरण को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपने कार्यालय ज्ञापन संख्या 15–2/2022–टीसी दिनांक 16–12–2022 के माध्यम से अग्रेषित एवं पुनः स्पष्ट किया गया है। इसमें कहा गया है कि ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 शैक्षणिक संस्थानों के सभी कर्मचारियों पर लागू है तथा उक्त अधिनियम की प्रयोज्यता के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा कोई अलग अधिसूचना जारी किए जाने की आवश्यकता नहीं है (एनपीएस कर्मचारियों के मामले में)।

इसे संस्थान द्वारा आयोजित 49वीं शासी मंडल की बैठक में विधिवत अंगीकृत किया गया।

सेवानिवृत्ति लाभ, अर्थात् ग्रेच्युटी एवं छुट्टी नकदीकरण, 407 स्थायी कर्मचारियों के संबंध में पंजीकृत बीमांकिक मूल्यांकक द्वारा किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। तथापि, 10 कर्मचारी अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्ति/लियन पर थे। संस्थान में समाहित किए गए कर्मचारियों के पूर्व नियोक्ताओं से प्राप्त ग्रेच्युटी के पूंजीकृत मूल्य को संबंधित प्रावधान खातों में जमा किया जाता है। प्रतिनियुक्ति पर गए कर्मचारियों के संबंध में प्राप्त ग्रेच्युटी एवं छुट्टी अंशदान को भी संबंधित प्रावधान खातों में जमा किया जाता है। ग्रेच्युटी एवं छुट्टी नकदीकरण के वास्तविक भुगतान को लेखों में संबंधित प्रावधान खातों में डेबिट किया जाता है। अन्य सेवानिवृत्ति लाभ, जैसे नई पेंशन योजना में अंशदान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा सेवानिवृत्ति पर गृह नगर की यात्रा का लेखांकन उपार्जन आधार पर किया जाता है, जिसमें वास्तविक भुगतान तथा वर्ष के अंत में बकाया बिल शामिल होते हैं।

दिनांक 31.03.2026 को ग्रेच्युटी एवं छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रावधान बीमांकिक द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। ग्रेच्युटी एवं छुट्टी नकदीकरण के लिए किया गया प्रावधान पूंजीगत निधि से डेबिट किया जाता है, क्योंकि इस प्रयोजन के लिए कोई अनुदान प्रदान नहीं किया जाता है।

वर्ष के दौरान, सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु ग्रेच्युटी के संबंध में ₹0.68 करोड़ के प्रावधान को वापस किया गया तथा लेखा–पुस्तकों में ₹20.43 करोड़ का संचयी प्रावधान शेष है।

7. निवेश

क. दीर्घकालिक निवेशों को उनकी लागत अथवा अंकित मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है। तथापि, तुलन–पत्र की तिथि को उनके मूल्य में हुई किसी भी स्थायी कमी के लिए आवश्यक प्रावधान किया जाता है।

ख. अल्पकालिक निवेशों को उनकी लागत अथवा बाजार मूल्य (यदि सूचीबद्ध हो), इनमें से जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है।

ग. संस्थान ने आईआईटीआई एडवांस्ड सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप (एसीई) फाउंडेशन में ₹10/– प्रति शेयर के मूल्य वाले 10,000 इक्विटी शेयरों में निवेश किया है।

8. निर्धारित/धर्मादा निधि

निम्नलिखित दीर्घकालिक निधियाँ विशिष्ट प्रयोजनों के लिए निर्दिष्ट की गई हैं। प्रत्येक निधि के लिए अलग लेजर खाता रखा जाता है। जिन निधियों में पर्याप्त शेषराशि होती है, उनका निवेश सरकारी प्रतिभूतियों/डिबेंचर/बॉण्ड/बैंकों में सावधि जमा के रूप में भी किया जाता है। निवेशों से प्राप्त आय, प्रोद्भूत आधार पर दिए गए अग्रिमों (मकान निर्माण, वाहन एवं कंप्यूटर हेतु) से प्राप्त आय तथा बचत बैंक खातों पर प्राप्त ब्याज को संबंधित निधियों में जमा किया जाता है। निधियों से किए गए व्यय तथा अग्रिमों (मकान निर्माण/वाहन/कंप्यूटर के मामले में) को संबंधित निधियों में डेबिट किया जाता है। निर्दिष्ट निधियों से निर्मित ऐसी परिसंपत्तियाँ, जिन पर स्वामित्व संस्थान का है, समान राशि को पूंजीगत निधि में जमा करके संस्थान की परिसंपत्तियों में समाहित कर दी जाती हैं। संबंधित निधियों में उपलब्ध शेषराशि को आगे ले जाया जाता है तथा परिसंपत्ति पक्ष में इसे बैंक शेष, निवेश एवं प्रोद्भूत ब्याज द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

8.1 संग्रह निधि का निर्माणः दिनांक 07 मई, 2016 को आयोजित शासी मंडल की 20वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संस्थान की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने तथा शिक्षा मंत्रालय (एमओई) की नीतियों के अनुरूप नए आईआईटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आंतरिक राजस्व सृजन (आईआरजी) से एक संग्रह निधि का गठन किया गया। संस्थान द्वारा अर्जित

5. STOCKS:

Expenditure on purchase of chemicals, glassware, publications and other stores is accounted as revenue expenditure, except that the value of closing stocks held on 31st March is set up as inventories by reducing the corresponding Revenue Expenditure on the basis of information obtained from Departments. They are valued at cost.

6. RETIREMENT BENEFITS:

Employees of the institute are eligible for leave encashment and gratuity on their retirement. Provision for leave encashment is made in the Statutes of the institute itself. With reference to Point No. A3 of SAR of the year 2021-22, it is intimated that the Ministry of Labour & Employment, Govt. of India vide O.M. No. R-1301102/2022-S.S II dated 23-11-2022 clarified that the requirement of applicability of the Payment of Gratuity Act, 1972 under Section 1(3)(c) is being fulfilled by gazette notification No. S.O. 1080 dated 03.04.1997 in educational institutions and, therefore, is applicable to all OPS and NPS employees of the institutions and there is no need to issue separate notification. This was forwarded and reiterated by the Ministry of Education vide O.M. No. 15-2/2022-TC dated 16-12-2022 stating that the Payment of Gratuity Act, 1972 is applicable to all employees of educational institutions and no separate notification is required to be issued by the Ministry of Education for the applicability of said Act (in case of NPS employees).

This was duly adopted by the institute in the 49th BoG meeting.

Retirement benefits i.e. gratuity and leave encashment, are provided based on actuarial valuation done by the registered actuarial valuer for 407 regular employees, however 10 employees were on deputation/lien to other organizations. Capitalized Value of gratuity received from previous employers of the Institution's employees, who have been absorbed in the Institution, is credited to the respective Provision Accounts. Gratuity and leave contribution received in respect of employees on deputation is also credited to the respective Provision Accounts. The actual payments of Gratuity and Leave encashment are debited in the Accounts to the respective provisions. Other retirement benefits viz. Contribution to New Pension Scheme, Medical reimbursement to retired employees and Travel to Home Town on retirement are accounted on accrual basis (actual payments plus outstanding bills at the end of the year).

Provision for Gratuity and Leave Encashment as on 31-03-2026 was provided based on the valuation report of the Actuary. Provision for Gratuity & leave Encashment is debited from Capital Funds as the grant is not given for the purpose.

During the year, provision of Rs. 0.68 crores were reversed on account of Retirement and Death Gratuity was provided and cumulative provision of Rs.20.43 crores in the books of Accounts.

7. INVESTMENTS:

a. Long term investments are carried at their cost or face value whichever is lower. However any permanent diminution in their value as on the date of the Balance Sheet is provided for.

b. Short Term investments are carried at their cost or market value (if quoted) whichever is lower.

c. The Institute have invested in 10,000 Equity shares of Rs. 10/- each with the IITI Advanced Centre for Entrepreneurship (ACE) Foundation.

8. Earmarked/Endowment Funds:

The following long terms funds are earmarked for specific purposes. Each of the funds has a separate ledger account. Those with large balances also have investments in Government Securities/Debentures/Bonds/Term Deposits with Banks. The income from investments, advances (House Building, Conveyance and computer) on accrued basis and interest on savings Bank Accounts are credited to the respective Funds. The expenditure and advances (in the case of House Building/ Conveyance/Computer) are debited to the fund. The assets created out of Earmarked Funds where the ownership Vests in the Institution, are merged with the assets of the Institution by crediting an equal amount to the Capital Fund. The balance in the respective funds is carried forward and is represented on the assets side by the balance at Bank, Investments and accrued interest.

8.1 CREATION OF CORPUS FUND: As per decision taken in 20th meeting of Board of Governors dated May 07, 2016, in order to strengthen financial position and in line with the policies of MOE, to encourage new IIT's, Corpus Fund was created from IRG. Internal receipts generated by the Institute, such as, fees from students, Interest, other receipts are

आंतरिक प्राप्तियाँ, जैसे छात्रों से प्राप्त शुल्क, ब्याज तथा अन्य प्राप्तियाँ, संग्रह निधि में स्थानांतरित की जाती हैं। निधि के निवेशों से प्राप्त आय भी इस निधि में जोड़ी जाती है। संग्रह निधि का उपयोग संस्थान के शासी मंडल द्वारा समय–समय पर अनुमोदित दिशा–निर्देशों के आधार पर आय एवं पूंजीगत व्यय, दोनों के लिए किया जाता है।

संग्रह निधि से निर्मित परिसंपत्तियों को समान राशि पूंजीगत निधि में जमा करके संस्थान की परिसंपत्तियों में समाहित कर दिया जाता है। संग्रह निधि में आगे ले जाई गई शेषराशि को बैंक में सावधि जमाओं के रूप में किए गए निवेश तथा निवेशों पर प्रोद्भूत ब्याज द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। 31 मार्च, 2026 को कुल संग्रह निधि ₹260.02 करोड़ है।

8.2 आईआरसीसी निधिः (क) सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीईपी), (ख) औद्योगिक अनुसंधान एवं परामर्श परियोजनाओं (आईआरसीसी) तथा (ग) प्रायोजित परियोजनाओं से प्राप्तियों को व्यय एवं पारिश्रमिक का समायोजन करने के पश्चात, संस्थान द्वारा अंगीकृत दिशा–निर्देशों के अनुसार आईआरसीसी, पुस्तकालय, निदेशक विवेकाधीन निधि, कर्मचारी कल्याण निधि, छात्र कल्याण निधि, संस्थान संग्रह निधि, विभागीय विकास निधि, सीईपी तथा अनुसंधान एवं विकास निधि में आवंटित किया जाता है। शेष अधिशेष/घाटे को तुलन–पत्र में अंतरित किया जाता है।

इस निधि का उपयोग कुछ नवोन्मेषी कार्यक्रमों तथा अनुसंधान की निरंतरता एवं ऐसे अन्य विकासात्मक कार्यकलापों के लिए किया जाता है, जिन्हें शासी मंडल द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जाता है।

8.3 भवन निर्माण अग्रिम निधिः अधिकारी एवं कर्मचारियों को मकान निर्माण हेतु ब्याजयुक्त अग्रिम प्रदान करने के लिए एक परिक्रामी निधि स्थापित की गई है।

8.4 जेआरएफ/एसआरएफ निधिः जूनियर/सीनियर रिसर्च फ़ेलो को फेलोशिप प्रदान करने के उद्देश्य से यूजीसी/सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि।

8.5 वाहन निधि (कंप्यूटर अग्रिम सहित): अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोटर कार, दोपहिया वाहन एवं कंप्यूटर की खरीद हेतु ब्याजयुक्त अग्रिम प्रदान करने के उद्देश्य से परिक्रामी निधि।

8.6 राजीव गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप निधिः विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को फेलोशिप प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि।

8.7 धर्मादा निधिः धर्मादा विभिन्न व्यक्तिगत दाताओं, न्यासों तथा अन्य संगठनों से प्राप्त निधियाँ हैं, जिनका उपयोग दाताओं द्वारा निर्दिष्ट अनुसार पीठों की स्थापना तथा पदकों एवं पुरस्कारों के लिए किया जाता है। प्रत्येक धर्मादा निधि का अपना निवेश है, जबकि सभी धर्मादा निधियों के लिए एक ही बचत लेजर खाता रखा जाता है, क्योंकि उनके लिए गैर–निवेशित शेषराशि बहुत कम होती है।

प्रत्येक धर्मादा निधि के निवेश से प्राप्त आय को संबंधित निधि में जोड़ा जाता है। बचत बैंक खातों पर प्राप्त ब्याज को प्रत्येक निधि में वर्षांत की समापन शेषराशि के अनुपात में सभी धर्मादा निधियों में आवंटित किया जाता है। पदकों एवं पुरस्कारों पर होने वाले व्यय की पूर्ति संबंधित धर्मादा निधियों के निवेश से अर्जित ब्याज से की जाती है तथा शेष राशि को आगे ले जाया जाता है। तथापि, पीठों के संबंध में धर्मादा निधि की मूलधनराशि (कॉर्पस) का भी उपयोग किया जाता है।

शेष राशियाँ आरबीआई बॉण्ड/सावधि जमाओं में निवेश, सभी धर्माताओं के लिए सामान्य बचत बैंक खाते में उपलब्ध शेषराशि तथा निवेशों पर प्रोद्भूत ब्याज द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं।

9 सरकारी और यूजीसी अनुदान

9.1 सरकारी अनुदान एवं यूजीसी अनुदान का लेखांकन प्राप्ति के आधार पर किया जाता है। तथापि, जहाँ वित्तीय वर्ष से संबंधित अनुदान जारी करने की स्वीकृति 31 मार्च से पूर्व प्राप्त हो जाती है, किंतु अनुदान की वास्तविक प्राप्ति अगले वित्तीय वर्ष में होती है, वहाँ उक्त अनुदान का लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है तथा समान राशि को अनुदानदाता से प्राप्य राशि के रूप में दर्शाया जाता है।

9.2 पूंजीगत व्यय के लिए उपयोग की गई सीमा तक (प्रोद्भूत आधार पर) सरकारी अनुदान एवं यूजीसी से प्राप्त अनुदान को पूंजीगत निधि में अंतरित किया जाता है।

9.3 आय व्यय की पूर्ति हेतु प्राप्त सरकारी अनुदान एवं यूजीसी अनुदान को (प्रोद्भूत आधार पर), उपयोग की गई सीमा तक, उस वर्ष की आय के रूप में माना जाता है, जिसमें ये अनुदान प्राप्त होते हैं।

9.4 अप्रयुक्त अनुदानों (ऐसे अनुदानों से दिए गए अग्रिमों सहित) को आगे ले जाया जाता है तथा तुलन–पत्र में देयता के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

9.5 वर्तमान वित्तीय वर्ष में शिक्षा मंत्रालय द्वारा ओएच–36 के अंतर्गत ₹105.83 करोड़ तथा ओएच–31 के अंतर्गत ₹101.51 करोड़ का अनुदान जारी किया गया है। इसके विरुद्ध क्रमशः ₹105.43 करोड़ एवं ₹103.74 करोड़ का व्यय हुआ है। ओएच–31 के अंतर्गत ₹2.23 करोड़ के घाटे की पूर्ति शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार आंतरिक राजस्व सृजन (आईआरजी) से की गई है।

transferred to Corpus Fund. Income from investments of the fund is also added to the Fund. The Corpus Fund is utilized for both Revenue and Capital expenditure based on the guidelines approved by the Board of Governors of the Institution from time to time.

The assets created out of the Corpus Fund are merged with the assets of the Institution by crediting an equal amount to the Capital Fund. The balance in the Corpus Fund which is carried forward is represented by the balance invested in term deposits with the Bank and Accrued interest on investments. Total Corpus Fund is Rs. 260.02 crores as on March 31, 2026.

8.2 IRCC FUND: Receipts from (a) Continuous Education program (CEP), (b) Industrial Research and Consultancy projects (IRCC) (c) Sponsored projects, after accounting for expenses & remuneration are allocated to the IRCC, Library, Director's Discretionary, Staff welfare, Student Welfare, Institute Corpus, Department Development, CEP and Research Development funds, as per the guidelines adopted by the Institute and Surplus/Deficit to Balance Sheet.

The fund is to be utilized for some of the innovative Programs, and for sustenance of its research and such other development activities as laid down by the Board of Governors from time to time.

8.3 House Building Advances Fund: A revolving fund for the purpose of paying interest bearing advances to the officer & staff for House Building.

8.4 JRF/SRF Fund: Fund provided by the UGC/Government for the purpose of paying Fellowships to Junior/ Senior Research Fellows.

8.5 Conveyance Fund (including Computer advances): A revolving fund for the purpose of paying interest bearing advances to officers & staff for the purchase of motor cars, two wheelers and computers.

8.6 Rajiv Gandhi National Fellowship Fund: Fund provided by University Grants Commission for fellowship to SC/ST Students of the University.

8.7 Endowment Funds: Endowments are funds received from various individual donors, Trusts and other organizations, for establishing Chairs and for Medals & Prizes, as specified by the Donors. While each of the Endowment funds has its own investment there is one savings ledger Account for all the Endowment funds, as the un-invested balances against them are negligible.

The income from investment of each Endowment Fund is added to the Fund. The interest on Savings Bank accounts is allocated to all the Endowment funds in the ratio of the year end closing balances in each fund. The expenditure on Medals & Prize's is met from the interest earned on investment of the respective Endowment Funds and the balance is carried forward. In respect of Chairs, however, the corpus of the Endowment is also used.

The balances are represented by Investment in RBI Bonds/Fixed Deposits and balance in the Saving Bank Account common for all Endowments, and Accrued Interest on Investments.

9 GOVERNMENT AND UGC GRANTS:

9.1 Government Grants and UGC grants are accounted on realization basis. However, where a sanction for release of grant pertaining to the financial year is received before 31st March and the grant is actually received in the next financial year, the grant is accounted on accrual basis and an equal amount is shown as recoverable from the Grantor.

9.2 To the extent utilized towards capital expenditure, (on accrual basis) government grants and grants from UGC are transferred to the Capital Fund.

9.3 Government and UGC grants for meeting Revenue Expenditure (on accrual basis) are treated, to the extent utilized, as income of the year in which they are realized.

9.4 Unutilized grants (including advances paid out of such grants) are carried forward and exhibited as a liability in the Balance Sheet.

9.5 Ministry of Education has released grants of Rs. 105.83 cr. under OH-36 and Rs. 101.51 cr. under OH-31 in the current financial year and expenditure is Rs. 105.43 cr. and Rs. 103.74 cr. respectively, deficit of Rs. 2.23 cr. Under OH-31 has been met from IRG, as per MOE directives.

10. निर्धारित निधि का निवेश और ऐसे निवेशों पर अर्जित ब्याज आयः

व्यय के लिए तत्काल आवश्यक न होने वाली सीमा तक, ऐसी निधियों के अंतर्गत उपलब्ध राशियों को अनुमोदित प्रतिभूतियों एवं बॉण्डों में निवेश किया जाता है अथवा बैंकों में सावधि जमा के रूप में रखा जाता है तथा शेष राशि बचत बैंक खातों में रखी जाती है।

ऐसे निवेशों पर प्राप्त ब्याज, प्रोद्भूत एवं देय ब्याज तथा प्रोद्भूत किंतु देय नहीं हुआ ब्याज संबंधित निधियों में जोड़ा जाता है तथा इसे संस्थान की आय के रूप में नहीं माना जाता है।

11. प्रायोजित परियोजनाएँः

11.1 जारी प्रायोजित परियोजनाओं (बाह्य/आंतरिक रूप से वित्त पोषित) के संबंध में प्रायोजकों से प्राप्त राशियों को "चालू देयताएँ एवं प्रावधान – चालू देयताएँ – अन्य देयताएँ – चालू प्रायोजित परियोजनाओं के विरुद्ध प्राप्तियाँ" शीर्षक के अंतर्गत जमा किया जाता है। ऐसी परियोजनाओं के संबंध में जब भी व्यय किया जाता है/अग्रिम दिए जाते हैं अथवा संबंधित परियोजना खाते में आवंटित ओवरहेड शुल्क डेबिट किए जाते हैं, तो देयता खाते को डेबिट किया जाता है।

11.2 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्तपोषित जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए निर्दिष्ट निधि के अतिरिक्त, विभिन्न संगठनों द्वारा फेलोशिप एवं छात्रवृत्तियों को भी प्रायोजित किया जाता है। इनका लेखांकन प्रायोजित परियोजनाओं के समान ही किया जाता है, सिवाय इसके कि सामान्यतः इन पर होने वाला व्यय फेलोशिप एवं छात्रवृत्तियों के वितरण तक ही सीमित होता है, जिसमें फेलो एवं शोधार्थियों के आकस्मिक व्यय हेतु भत्ते भी शामिल हो सकते हैं।

11.3 संस्थान स्वयं भी फेलोशिप एवं छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है, जिनका लेखांकन शैक्षणिक व्यय के रूप में किया जाता है।

12. कर–निर्धारणः

12.1 संस्थान, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12AA के अंतर्गत पंजीकृत है तथा प्रत्येक वर्ष आयकर आयुक्त के समक्ष अपना रिटर्न दाखिल करता है। साथ ही, धारा 10(23सी) (आईआईआईएबी) के प्रावधानों के अनुसार संस्थान आयकर दायित्व के अधीन नहीं है। अतः आयकर के लिए किसी प्रावधान की आवश्यकता नहीं मानी गई है। संस्थान को आयकर विभाग द्वारा दिनांक 16.02.2026 को दस्तावेज पहचान संख्या AAAAI7115H25BP01 के माध्यम से 12AA प्रमाण–पत्र का नवीनीकरण प्रदान किया गया है।

12.2 संस्थान, आयकर विभाग के साथ पैन संख्या PAN No. AAAAI7115H, टीडीएस संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन हेतु TAN No. BPLI01163B तथा जीएसटी प्राधिकारियों के साथ GSTIN No. 23AAAAI7115H1Z2 के अंतर्गत भी पंजीकृत है।

12.3 संस्थान को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80जी की उपधारा 2(ए) के उपखंड (आईआईआईएफ) के प्रयोजनार्थ राष्ट्रीय महत्त्व की संस्थान के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या सीसीआईटी(ई)/ऑर्डर यू/एस80जी(2)(ए) (आईआईआईएफ)/आईआईटी इंदौर/2016–17/64 दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है। आयकर विभाग द्वारा दिनांक 16.02.2026 को दस्तावेज पहचान संख्या AAAAI7115H25BP02 के माध्यम से आईआईटी इंदौर के 80जी प्रमाण–पत्र का नवीनीकरण किया गया है।

13. आईआरजी से हेफा ऋण की चुकौती का प्रतिपादनः

शिक्षा मंत्रालय (एमओई) द्वारा हेफ़ा ऋण के पुनर्भुगतान के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, हेफ़ा ऋण की मूलधन राशि का 25% भुगतान संस्थान के आंतरिक राजस्व सृजन (आईआरजी) से किया जाना आवश्यक है। तदनुसार, हेफ़ा ऋण के मूलधन के 25% पुनर्भुगतान के रूप में ₹28,85,65,000/– की राशि का लेखांकन आय एवं व्यय खाते के माध्यम से किया गया है।

इसके अतिरिक्त, हेफ़ा ऋण पर ब्याज के पुनर्भुगतान के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, टीएल–4 के अंतर्गत ब्याज की राशि का 10% भुगतान संस्थान के संसाधन सृजन (आईआरजी) से किया जाना आवश्यक है। तदनुसार, हेफ़ा टर्म लोन–4 के ब्याज के रूप में ₹73,94,577/– की राशि का भुगतान किया गया है, जिसका लेखांकन आय एवं व्यय खाते के माध्यम से किया गया है।

14. विदेशी मुद्रा लेनदेनः

विदेशी मुद्रा में अंकित लेन–देन का लेखांकन लेन–देन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर तथा बैंक द्वारा लगाए गए विनिमय दर के आधार पर किया जाता है। विदेशी देयताओं के संबंध में बकाया शेषराशि का लेखांकन 31.03.2026।

–ह–	–ह–	–ह–
डॉ. आशीष उपाध्याय	**शिबा प्रसाद होता**	**प्रोफेसर सुहास एस. जोशी**
उप कुलसचिव (वित्त एवं लेखा)	कुलसचिव	निदेशक

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 08/06/2026

10. INVESTMENTS OF EARMARKED FUNDS AND INTEREST INCOME ACCRUED ON SUCH INVESTMENTS:

To the extent not immediately required for expenditure, the amounts available against such funds are invested in approved Securities & Bonds or deposited for fixed term with banks, leaving the balance in Savings Bank Accounts.

Interest received, interest accrued and due and interest accrued but not due on such investments are added to the respective funds and not treated as income of the Institution.

11. SPONSORED PROJECTS:

11.1 In respect of ongoing Sponsored Projects (Externally/Internally Funded), the amounts received from sponsors are credited to the head "Current Liabilities and Provisions -Current Liabilities -Other Liabilities -Receipts against ongoing sponsored projects." As and when expenditure is incurred /advances are paid against such projects, or the concerned project account is debited with allocated overhead charges, the liability account is debited.

11.2 In addition to the Earmarked Fund for the Junior Research Fellowships funded by the University Grants Commission, Fellowships and Scholarships are also sponsored by various organizations. These are accounted in the same way as Sponsored Projects except that the expenditure generally is only on disbursement of Fellowships and Scholarships, which may include allowances for contingent expenditure by the Fellows and scholars.

11.3 The Institution itself also awards Fellowships and Scholarships, which are accounted for as academic expenses.

12. TAXATION:

12.1 As the Institute is registered under Section 12AA of Income Tax Act, 1961 and filing returns with the Commissioner of Income Tax annually and is not subject to tax liability in accordance with section 10(23C)(iiiab), no provision for Income-tax has been considered necessary. IITI got renewed 12AA certificate vide document identification no. AAAAI7115H25BP01 dated 16.02.2026 from IT Department.

12.2 The Institute is also registered with PAN No. AAAAI7115H with Income Tax, TAN No. BPLI01163B for complying with TDS requirement and with GST authorities with GSTIN No. 23AAAAI7115H1Z2.

12.3 The Institute has been notified as an Institution of national eminence during the current year for the purpose of sub clause (iiif) of Section 80G, 2(a) of Income Tax Act, 1961 by Ministry of Finance vide notification no. CCIT(E)/Order u/s80G(2)(a)(iiif)/IIT Indore/2016-17/64 dated April 8, 2016. IITI got renewed 80G certificate vide document identification no. AAAAI7115H25BP02 dated 16.02.2026 from IT Department.

13. TREATMENT OF REPAYMENT OF HEFA LOAN FROM IRG:

As per the guidelines issued by the Ministry of Education (MOE) regarding repayment of HEFA loan, 25% of the principal amount of HEFA Loan is required to be paid from the Institute's Internal Resource Generation (IRG). Accordingly, an amount of Rs. 28,85,65,000/- paid on account of repayment of HEFA Loan principal (25%) has been routed through Income & Expenditure Account.

Further as per the guidelines repayment of Interest on HEFA loan, 10% of the Interest amount under TL-4 is required to be paid from the Institute's Resource Generation (IRG). Accordingly, an amount of Rs. 73,94,577/- paid on account of Interest of HEFA Term loan - 4 has been routed through Income & Expenditure Account.

14. FOREIGN EXCHANGE TRANSACTIONS :

Transactions denominated in foreign currency are accounted at the exchange rate prevailing at the date of transaction and as charged by the Bank. The outstanding balance in respect of foreign liabilities has been accounted for as on 31.03.2026.

-Sd-	-Sd-	-Sd-
Dr. Ashish Upadhyaya	**Siba Prasad Hota**	**Professor Suhas S. Joshi**
Deputy Registrar (F&A)	Registrar	Director

Place: Indore
Date: 08/06/2026

अनूसूचीः 24 आकस्मिक देयताएँ तथा लेखाओं पर टिप्पणियाँ

1. आकस्मिक देयताएँः

1.1 दिनांक 31.03.2026 तक, संस्थान के विरुद्ध पूर्व/वर्तमान कर्मचारियों, किरायेदारों एवं ठेकेदारों द्वारा दायर न्यायालयीन मामले तथा ठेकेदारों से संबंधित मध्यस्थता के मामले निर्णय हेतु लंबित थे। कर्मचारियों द्वारा दायर वाद मुख्यतः स्थापना संबंधी मामलों, जैसे पदोन्नति, वेतनवृद्धि, वेतनमान, सेवा समाप्ति आदि से संबंधित थे। जहाँ दावे की अनुमानित राशि निर्धारित की जा सकती है, वहाँ दावे की कुल अनुमानित राशि ₹13.20 करोड़ है।

1.2 अग्रिमों/लेटर ऑफ क्रेडिट के विरुद्ध किए गए व्यय का लेखांकन केवल संबंधित दस्तावेज, जैसे बिल तथा संबंधित उपयोगकर्ता से प्राप्त स्वीकृति/स्थापना/प्रचालनारंभ प्रमाण–पत्र, प्राप्त होने पर ही किया जाता है।

1.3 आयकर, जीएसटी, बिक्री कर, नगर पालिका कर तथा अन्य करों के संबंध में विवादित मदों के कारण कोई दावा लंबित नहीं है।

2. पूंजीगत प्रतिबद्धताएँ

पूंजीगत खाते पर निष्पादित किए जाने वाले तथा जिनके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, ऐसे अनुबंधों (अग्रिमों को घटाकर), जिसमें प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएँ भी शामिल हैं, का शेष निष्पादित किया जाना वाला मूल्य निम्नानुसार हैः

(रू. लाख में)

विवरण	मुख्य खाता		प्रायोजित अनुसंधान परियोजना खाता		योग	
	2025–26	2024–25	2025–26	2024–25	2025–26	2024–25
पूंजीगत व्यय	32385.32	24090.45	3722.36	618.38	36107.68	24708.83
राजस्व व्यय	533.92	187.49	28.71	6.39	756.51	193.87
कुल ——→	**32919.24**	**24277.94**	**3751.07**	**624.77**	**36864.19**	**24902.70**

3. अचल संपत्तिः

3.1 अनुसूची 4 में अचल परिसंपत्तियों में वर्ष के दौरान की गई वृद्धि में योजना निधियों (₹71,67,27,606/–) से, गैर–योजना निधियों (₹शून्य) से, आरडीएफ निधि (₹19,47,537/–) से, डीडीएफ निधि (₹शून्य) से, संगोष्ठी/कार्यशाला निधि (₹18,27,629/–) से, सीएसआर–केआईएसईएम (₹41,16,624/–) से, सीएसआर–मझगांव डॉकयार्ड (₹शून्य) से, सीएसआर–हेफ़ा (₹45,430/–) से, एसआईपीपीटी निधि (₹16,17,417/–) से, जिमखाना निधि (₹13,41,730/–) से, छात्रावास आकस्मिकता निधि (₹शून्य) से, संचित ब्याज निधि (₹2,36,32,958/–) से, जेपी नारायण केंद्र (₹14,73,224/–) से, आईआरसीसी परियोजनाओं (₹33,003/–) से, वाईएफआरएसजी निधि (₹1,47,93,738/–) से, सीएसआर–राज रतन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (₹शून्य) से, सीपीडीए निधियों (₹1,15,190/–) से, कॉर्पस निधि (हेफ़ा हेतु आईआरजी निधि) (₹28,85,65,000/–) से, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से प्राप्त निधियों (₹2,00,00,000/–) से, हेफ़ा हेतु शिक्षा मंत्रालय के अनुदान से प्राप्त निधियों (₹86,56,95,000/–) से, हेफ़ा टर्म लोन से प्राप्त निधियों (₹103,64,93,474/–) से, सीएसआर के अंतर्गत हुडको से प्राप्त निधियों (₹2,50,00,000/–) से, अदाणी निधियों (₹1,54,462/–) से, सीएसआर के अंतर्गत आईआरईडीए से प्राप्त निधियों (₹8,28,093/–) से तथा ऑनलाइन वेबिनार से प्राप्त आय (₹1,13,996/–) से क्रय की गई परिसंपत्तियाँ शामिल हैं। इन परिसंपत्तियों को पूंजीगत निधि में जमा करके स्थापित किया गया है।

3.2 दिनांक 31.03.2026 तक, तुलन–पत्र तथा पूर्ववर्ती वर्षों के तुलन–पत्रों में योजना निधियों से निर्मित अचल परिसंपत्तियों तथा गैर–योजना निधियों से निर्मित अचल परिसंपत्तियों को अलग से प्रदर्शित नहीं किया गया था। वर्ष के दौरान योजना, गैर–योजना एवं अन्य निधियों से की गई वृद्धि तथा उक्त वृद्धि पर संबंधित मूल्यह्रास को अचल परिसंपत्तियों की मुख्य अनुसूची (अनुसूची 4) की उप–अनुसूची ए, बी, सी एवं डी में अलग से प्रदर्शित किया गया है।

3.3 अनुसूची 4 में दर्शाई गई अचल परिसंपत्तियों में प्रायोजित परियोजनाओं की निधियों से क्रय की गई ऐसी परिसंपत्तियाँ शामिल नहीं हैं, जिन्हें संस्थान द्वारा धारण एवं उपयोग किया जाता है, क्योंकि परियोजना अनुबंधों में यह प्रावधान किया गया है कि परियोजना निधियों से क्रय की गई ऐसी सभी परिसंपत्तियाँ प्रायोजकों की संपत्ति बनी रहेंगी। ऐसी परिसंपत्तियों का विवरण निम्नानुसार हैः

(रू. लाख में)

संपत्तियाँ	01.04.2025 की मूल लागत	वर्ष के दौरान परिवर्धन 2025–26	योग	दर	अनुमानित मूल्य ह्रास			31.03.2026 को अंकित मूल्य का योग
					प्रारंभिक शेष	वर्ष 2025–26 के दौरान	योग	
प्रयोगशाला उपकरण	59,28,07,101	16,31,85,879	75,59,92,980	8%	22,33,57,816	6,85,95,244	29,19,53,059	46,40,39,920
कंप्यूटर	9,05,75,258	9,66,44,153	18,72,19,411	20%	6,06,04,142	3,10,61,546	9,16,65,687	9,55,53,724
फर्नीचर, फिक्सचर और फिटिंग	84,46,482	10,66,984	95,13,466	7.50%	32,26,371	13,46,996	45,73,367	49,40,099
सॉफ्टवेयर	1,19,60,025	1,22,38,706	2,41,98,731	40%	1,12,07,243	54,31,203	1,66,38,446	75,60,285
पुस्तकें	4,34,333	3,20,255	7,54,588	10%	93,179	75,459	1,68,638	5,85,951
कुल	**70,42,23,199**	**27,34,55,977**	**97,76,79,176**	**–**	**29,84,88,750**	**10,65,10,447**	**40,49,99,197**	**57,26,79,979**

SCHEDULE: 24 - CONTINGENT LIABILITIES AND NOTES TO ACCOUNTS

1. CONTINGENT LIABILITIES:

1.1.1 As on 31.03.2026, Court cases filed against the Institution, by former/present employees, tenants and contractors and arbitration cases with contractors were pending for decisions. The suits filed by employees were establishment related viz. promotions, increments, pay-scale, termination etc. The estimated quantum of the claim, wherever, ascertainable is Rs. 13.20 crores.

1.2 The expenditure against the advances/Letter of Credits is accounted for only on the receipt of documents such as bills and acceptance/installation/commissioning, certificate from the user concerned.

1.3 There is no claim pending on account of disputed items in respect of Income-tax, GST, Sales Tax, Municipal and other Taxes.

2. CAPITAL COMMITMENTS

The value of contracts remaining to be executed on Capital Account and not provided for (Net of Advances) including Sponsored Research Projects amounted as detailed below:

(Rs. in lakhs)

Particulars	Main Account		Sponsored Research Projects Account		Total	
	2025-26	2024-25	2025-26	2024-25	2025-26	2024-25
Capital Expenditure	32385.32	24090.45	3722.36	618.38	36107.68	24708.83
Revenue Expenditure	533.92	187.49	28.71	6.39	756.51	193.87
Total ⟶	**32919.24**	**24277.94**	**3751.07**	**624.77**	**36864.19**	**24902.70**

3. FIXED ASSETS:

3.1 Additions in the year to Fixed Assets in Schedule 4 include Assets purchased out of Plan Funds (Rs. 71,67,27,606/-), Non-Plan Funds (Rs. Nil), RDF fund (Rs.19,47,537/-), DDF Fund (Rs. Nil), Seminar/Workshop Fund (Rs.18,27,629/-), CSR-KISEM (Rs.41,16,624/-), CSR-Mazgaon Dockyard (Rs. Nil), CSR-HEFA (Rs.45,430/-), SIPPT Fund (Rs.16,17,417/-), Gymkhana Fund (Rs.13,41,730/-), Hostel Contingent Fund (Rs. Nil), From Accumulated Interest Fund (Rs. 2,36,32,958/-), JP Narayan Center (Rs.14,73,224/-), IRCC Projects (Rs.33,003/-), YFRSG Fund (Rs.1,47,93,738/-), CSR-Raj Ratan Center of Excellence (Rs. Nil), CPDA Funds (Rs.1,15,190/-), Corpus Fund (IRG Fund for HEFA Rs.28,85,65,000/-), Funds from Ministry of Social Justice & Empowerment (Rs. 2,00,00,000/-) Funds from (MOE Grant for HEFA) (Rs. 86,56,95,000/-), Funds from HEFA Term Loan (Rs. 103,64,93,474/-), Funds from HUDCO under CSR (Rs. 2,50,00,000/-), from Adani Funds (Rs. 1,54,462/-), Funds from IREDA under CSR (Rs. 8,28,093/-) Income out of online webinar (Rs. 1,13,996/-). The Assets have been set up by credit to Capital Fund.

3.2 In the Balance Sheet as on 31.03.2026 and the Balance Sheets of earlier years, fixed Assets created out of Plan funds and Fixed Assets created out of non-plan funds were not exhibited distinctly. The additions during the year from plan, non-plan funds, and other funds, and the depreciation on those additions respectively have been exhibited distinctly in Sub Schedules A,B,C and D to the main schedule of Fixed Assets (Schedule 4).

3.3 Fixed Assets as set out in Schedule 4 do not include assets purchased out of funds of sponsored projects, held and used by the Institution, as project contracts include stipulations that all such assets purchased out of projects funds will remain the property of the sponsors. The details of such assets are:

The details of such assets are:

(Amount in ₹)

Assets	Original Cost as on 01.04.2025	Additions during the year 2025-26	Total	Notional Depreciation				Total Book value as on 31.03.2026
				Rate	Opening Balance	For the Year 2025-26	Total	
Laboratory Equipment	59,28,07,101	16,31,85,879	75,59,92,980	8%	22,33,57,816	6,85,95,244	29,19,53,059	46,40,39,920
Computers	9,05,75,258	9,66,44,153	18,72,19,411	20%	6,06,04,142	3,10,61,546	9,16,65,687	9,55,53,724
Furniture, Fixtures and Fittings	84,46,482	10,66,984	95,13,466	7.50%	32,26,371	13,46,996	45,73,367	49,40,099
Software	1,19,60,025	1,22,38,706	2,41,98,731	40%	1,12,07,243	54,31,203	1,66,38,446	75,60,285
Books	4,34,333	3,20,255	7,54,588	10%	93,179	75,459	1,68,638	5,85,951
Total	**70,42,23,199**	**27,34,55,977**	**97,76,79,176**	**-**	**29,84,88,750**	**10,65,10,447**	**40,49,99,197**	**57,26,79,979**

इसके अतिरिक्त, स्पोक इंस्टीट्यूट हेतु एएनआरएफ पेयर परियोजना के अंतर्गत उपकरणों की खरीद पर किया गया व्यय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर द्वारा किया गया था। उक्त व्यय को उपर्युक्त गणना में विधिवत शामिल किया गया है।

